# कार्यालय सहायक आयुक्त(प्रथम), देवस्थान विभाग जयपुर

क्रमांकः—एफ.1(48)लेखा/डेकोरेशन/2024/ 4899 दिनांकः— 21-10-24

## निविदा सूचना

इस कार्यालय के नियन्त्रणाधीन राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 32 मंदिरों में दीपावली पर पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व के लिए विशेष सजावट हेतु कृत्रिम मालाओं द्वारा डेकोरेशन की अस्थाई रूप से व्यवस्था के लिए बोलीदाता/फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.10.2024 से कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है। पूर्णरूपेण भरी हुई निविदाऐं दिनांक 24.10.2024 को सायं 6 बजे तक अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं की बोली दिनांक 25.10.2024 को प्रातः 11 बजे उपापन समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदा की अन्य शर्ते/विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा सूचना मय प्रपत्र व शर्ते विभागीय वेबसाईट devasthan.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | अनुमानित राशि | निविदा शुल्क | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 32 मंदिरों में दीपावली पर्व पर विशेष सजावट कृत्रिम मालाओं/डेकोरेशन हेतु। | 480000/— | 500/— | 9600/— |

नोट :—निविदा के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण https://devasthan.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(रतन लाल योगी)
सहायक आयुक्त (प्रथम),
देवस्थान विभाग, जयपुर

क्रमांकः—एफ.1(48)लेखा/डेकोरेशन/2024/ 4900/06 दिनांकः— 21-10-24

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. आयुक्त महोदय, देवस्थान विभाग, राजस्थान—उदयपुर को सूचनार्थ सादर प्रेषित है।
2. संयुक्त निदेशक, देवस्थान विभाग शासन सचिवालय जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि निविदा विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
3. श्रीमान सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।
4. श्रीमान आयुक्त, नगर निगम जयपुर हैरिटेज/ग्रेटर को सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।
5. श्रीमान जिला कलक्टर जयपुर, को सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।
6. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

(रतन लाल योगी)
सहायक आयुक्त (प्रथम),
देवस्थान विभाग, जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Ratan Lal Yogi
Designation : Assistant Commissioner
Date: 2024.10.21 11:30:57 IST
Reason: Approved

E/ Artificial Decoration

RajKaj Ref No.: 11274733

# कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

क्रमांकः–एफ.1(48)लेखा/डेकोरेशन/2024/ दिनांकः–

## निविदा पत्र

| राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 32 मंदिरों में दीपावली पर्व पर विशेष सजावट कृत्रिम मालाओं/डेकोरेशन हेतु | | | |
|---|---|---|---|
| अनुमानित लागत | 480000/–रूपये | | |
| धरोहर राशि | 9600/– रूपये | निविदा शुल्क | 500/– रूपये |
| निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक व समय | दिनांक 24.10.2024 | समय | दोपहर 3.00 बजे तक |
| सीलबन्द निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक | दिनांक 24.10.2024 | समय | सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 25.10.2024 | समय | प्रातः 11 बजे |

राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 32 मंदिरों में दीपावली पर्व पर विशेष सजावट कृत्रिम मालाओं/डेकोरेशन हेतु मंदिरान् की सूचीः–

| क्र.सं. | मंदिर का नाम |
|---|---|
| 1 | मंदिर श्री लक्ष्मीनारायणजी (बाईजी), बड़ी चौपड़ जयपुर |
| 2 | मंदिर श्री बृजनिधि जी, चांदनी चौक जयपुर |
| 3 | मंदिर श्री आनन्द कृष्ण बिहारी जी चांदनी चौक जयपुर |
| 4 | मंदिर श्री गोवर्धननाथ जी, चौड़ा रास्ता जयपुर |
| 5 | मंदिर श्री बलदेव जी परशुरामद्वारा, आमेर रोड़ जयपुर |
| 6 | मंदिर श्री बृजराज बिहारी जी, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर |
| 7 | मंदिर श्री राधा गोपाल जी, जयनिवास उद्यान, जयपुर |
| 8 | मंदिर श्री गंगा जी, जयनिवास उद्यान, जयपुर |
| 9 | मंदिर श्री मदन मोहन जी, हवामहल के सामने जयपुर |
| 10 | मंदिर श्री चन्द्र बिहारी जी, बड़ी चौपड़ जयपुर |
| 11 | मंदिर श्री किल्की जी, सिरहड्योढ़ी बाजार, जयपुर |
| 12 | मंदिर श्री आनन्द बिहारी जी, बड़ी चौपड़, जयपुर |
| 13 | मंदिर श्री नवल किशोर जी , बाबा हरीशचन्द्र मार्ग, जयपुर |
| 14 | मंदिर श्री विश्वेश्वरजी चौड़ा रास्ता जयपुर |
| 15 | मंदिर श्री जगतेश्वर जी, जौहरी बाजार, जयपुर |
| 16 | मंदिर श्री रामेश्वर जी, आमेर जयपुर |
| 17 | मंदिर श्री रामेश्वर जी, पुराना घाट, जयपुर |
| 18 | मंदिर श्री चन्द्रेश्वर जी, सिरहड्योढ़ी बाजार, जयपुर |
| 19 | मंदिर श्री प्रतापेश्वर जी, चांदनी चौक, जयपुर |
| 20 | मंदिर श्री महताब बिहारी जी, त्रिपोलिया बाजार जयपुर |
| 21 | मंदिर श्री जानकी वल्लभ जी, छोटी चौपड़ जयुर |
| 22 | मंदिर श्री विजय गोविन्द जी, हवामहल, जयपुर |
| 23 | मंदिर श्री गोपाल जी गाडीवालान, पुरानी बस्ती, जयपुर |
| 24 | मंदिर श्री राधा कृष्ण जी, पुरानी बस्ती, जयपुर |
| 25 | मंदिर श्री रसिक बिहारी जी, छोटी चौपड़ जयपुर |
| 26 | मंदिर श्री राधा मनोहर जी , झालानियों का रास्ता जयपुर |

Signature valid
Digitally signed by Ratan Lal Yogi
Designation : Assistant Commissioner
Date: 2024.10.21 11:30:57 IST
Reason: Approved

E/ Artificial Decoration

RajKaj Ref No.: 11274733

| | |
|---|---|
| 27 | मंदिर श्री रघुनाथ जी राधा निवास, रामगढ़ मोड़ जयपुर |
| 28 | मंदिर श्री राधा बल्लभ जी, पुरानी बस्ती, जयपुर |
| 29 | मंदिर श्री फतेह कुंज बिहारी जी, पुराना घाट, जयपुर |
| 30 | मंदिर श्री मुरली मनोहर जी, गणगौरी बाजार, जयपुर |
| 31 | मंदिर श्री रतन बिहारी जी, चांदी की टकसाल जयपुर |
| 32 | मंदिर श्री लक्ष्मीनारायण जी बाग जयनिवास जयपुर |

नोट :–

1. बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत अपनी दरें संलग्न सम्बन्धित प्रपत्र–अ में ही अंकित करनी है।
2. बिड सीलबंद लिफाफे में ही प्रस्तुत की जायेगी।
3. बिड संबंधी शर्ते एवं अन्य जानकारी सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर के नोटिस बोर्ड, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
4. बिड में वांछित समस्त प्रमाण पत्र एवं सूचनायें बिड डॉक्यूमेन्ट के साथ हस्ताक्षर कर बिडर्स द्वारा सीलबंद लिफाफे में नियत अवधि में जमा करवानी है।
5. निर्धारित समय एवं तिथि तक बोली प्रतिभूति राशि एवं बिड फीस के डी.डी./बैंकर्स चैक प्राप्त नहीं होने पर ऐसे बिडर्स की बिड स्वीकार नहीं की जाऐगी।
6. बिडर्स को अपना नाम तथा मोबाईल नम्बर, डी.डी./बैकर्स चैक के पृष्ठ भाग पर लिखना अनिवार्य है।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

नाम ..........................................................

पता...........................................................

मो./दूरभाष नं0....................................

Signature valid

Digitally signed by Ratan Lal Yogi
Designation : Assistant Commissioner
Date: 2024.10.21 11:30:57 IST
Reason: Approved

E/ Artificial Decoration

RajKaj Ref No.: 11274733

# कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

## प्रपत्र–अ

दीपावली पर पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व के लिए विशेष सजावट हेतु कृत्रिम मालाओं द्वारा डेकोरेशन की अस्थाई रूप से व्यवस्था करना:–

| क्र.सं. | सामग्री /आईटम/कृत्रिम माला | साईज (अनुमानित) | दर प्रति दर्जन (राशि रूपये अंको में सभी कर व भार सहित ) पांच दिवस के लिए |
|---|---|---|---|
| 1 | नेट समोसा | प्रति मीटर | |
| 2 | फूल लड़ी | प्रति मीटर | |
| 3 | हरी पत्ती | प्रति मीटर | |
| 4 | भारी डेजी लड़ी | प्रति मीटर | |
| 5 | तीन रिंग सकरा | प्रति मीटर | |
| 6 | श्याम की लड़ी | प्रति मीटर | |
| 7 | झूमर | प्रति मीटर | |
| 8 | गेंदा | प्रति मीटर | |
| 9 | बेल लड़ी | प्रति मीटर | |
| 10 | पमपम लड़ी | प्रति मीटर | |
| 11 | मोगरा लड़ी | प्रति मीटर | |
| 12 | फूल वाली भारी लड़ी | प्रति मीटर | |
| 13 | गुलाब फूल वाली लड़ी | प्रति मीटर | |
| 14 | डीजे भारी लड़ी | प्रति मीटर | |
| 15 | हजारा लड़ी | प्रति मीटर | |
| 16 | हरी पट्टी लड़ी | प्रति मीटर | |
| 17 | हल्की डेजी लड़ी | प्रति मीटर | |
| 18 | लटकन | प्रति मीटर | |
| 19 | पतंग | प्रति नग | |
| 20 | कड़ी | प्रति मीटर | |

स्थान:–

दिनांक:–

हस्ताक्षर निविदा दाता मय सील

Signature valid

Digitally signed by Ratan Lal Yogi
Designation : Assistant Commissioner
Date: 2024.10.21 11:30:57 IST
Reason: Approved

E/ Artificial Decoration

RajKaj Ref No.: 11274733

# निविदा की शर्ते

1. बोलीदाता को निर्धारित शुल्कों के बैंकर्स चैक/डी.डी. जो कि सहायक आयुक्त(प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर के नाम से जयपुर में देय हो, निश्चित तिथि व समय तक कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम), देवस्थान विभाग जयपुर में जमा करवाने होंगे। इनके समय पर प्राप्त नहीं होने पर इनके अभाव में उनकी बिड नहीं खोली जावेगी।
2. सशर्त बोलियां स्वीकार नही की जावेगी।
3. निविदा/संविदा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।
4. निविदादाताओं को केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार के नियमों के अन्तर्गत आवश्यक कर कटौती करने के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा।
5. निविदादाता को पैन कार्ड, आधार कार्ड, की प्रति बिड के साथ संलग्न करनी होगी।
6. संविदा अवधि में सफल बोलीदाता एवं विभाग के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो आयुक्त देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार उदयपुर का निर्णय अंतिम होगा।
7. बोली खुलने के पश्चात बोलीदाता उसके द्वारा प्रस्तुत की गई दरों को वापस लेता है या कार्यादेश पश्चात कार्य नहीं करता है तो बोली प्रतिभूति राशि को जब्त कर लिया जायेगा ।
8. बोलीदाता की फर्म का पूर्ण पता, टेलीफोन/मोबाईल नम्बर/ई–मेल बोली प्रपत्र में यथा स्थान अंकित करना होगा। कार्यावधि में टेलीफोन/मोबाईल/पते आदि में परिवर्तन की स्थिति में तुरन्त कार्यालय को सूचित करना होगा।
9. निविदा की सभी शर्तो की पालना बोलीदाता द्वारा की जायेगी। उनके द्वारा किसी भी शर्त अथवा आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 एवं नियम 2013 में वर्णित किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो निविदा निरस्त कर बोली प्रतिभूति राशि जब्त की जा सकती है तथा फर्म को DEBAR भी किया जा सकता है।
10. अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यूनतम प्राप्त दर को स्वीकृत करने के लिये बाध्य नही है।
11. कार्यस्थल पर किसी प्रकार की मंदिर की धार्मिक भावना एवं मर्यादा अनुसार गैर कानूनी गतिविधियां व कार्य में अनियमितता पाये जाने पर विभाग द्वारा निविदा निरस्त कर दी जावेगी तथा अमानत राशि जब्त करते हुए बोलीदाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
12. बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रत्येक प्रपत्र पर अपने हस्ताक्षर (फर्म की मोहर सहित) किया जाना आवश्यक है।
13. मूल दरे एवं जी.एस.टी की दरें बिल में पृथक–पृथक अंकित करनी होगी जो कि निविदा दर से अधिक नहीं होगी। यदि फर्म माल, एवं सेवा कर के दायरे में आती है तो फर्म को माल एवं सेवाकर स्वंय के स्तर से सम्बन्धित विभाग में जमा करवाना होगा, तथा मांगने पर चालान की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
14. निविदादाता द्वारा दी गई दरे सभी कर सहित होगी।
15. सफल निविदादाता द्वारा कार्यादेश जारी होते ही निर्धारित समयावधि में कार्यादेश अनुसार आयटम उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी संवेदक की रहेगी।
16. सामग्री व्यवस्था हेतु मंदिरों एवं आयटमों की संख्या में आवश्यकतानुसार कटौती की जा सकती है। इसका समस्त अधिकार सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग जयपुर का होगा।

Signature valid

Digitally signed by Ratan Lal Yogi
Designation : Assistant Commissioner
Date: 2024.10.21 11:30:57 IST
Reason: Approved

E/ Artificial Decoration

RajKaj Ref No.: 11274733

17. कार्यादेश अनुसार कार्य समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध नहीं करवाने की स्थिति में 5000 रूपये प्रति मंदिर के हिसाब से शास्ति लगाई जायेगी।
18. सफल बोलीदाता को कार्यादेश जारी होते ही 500/– रूपये स्टॉप पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा।
19. सभी प्रकार के कानूनी वाद जयपुर स्थित न्यायालयों में ही प्रस्तुत किये जा सकते है।
20. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर

E/ Artificial Decoration

Signature valid

Digitally signed by Ratan Lal Yogi
Designation: Assistant Commissioner
Date: 2024.10.21 11:30:57 IST
Reason: Approved

ajKaj Ref No.: 11274733